## एक नजर में

### सुरेश सोमानी बने लायंस क्लब के कैबिनेट सेक्रेटरी



**मन्दसौर।** लायंस क्लब मंदसौर गोल्ड के अध्यक्ष संजय पारिख ने बताया कि लायंस क्लब गोल्ड के संस्थापक अध्यक्ष सुरेश सोमानी को वर्ष 2026-27 की डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट में कैबिनेट सेक्रेटरी (सर्विस एक्टिविटी) बनाया गया है। श्री पारिख ने बताया कि श्री सोमानी के अंतर्गत लायंस के 165 क्लब के सर्विस एक्टिविटी जो वर्षभर की जा जाती है उसका प्रभार रहेगा। यह पद पहली बार मंदसौर के किसी भी लायन को प्राप्त हुआ है जिससे समस्त लायंस सदस्यों में हर्ष व्याप्त है। यह नियुक्ति लायंस क्लब डिस्ट्रिक्ट 3233 ई-2 के आगामी गवर्नर लायन डॉ. निशांत जैन द्वारा की गई। इस नियुक्ति पर लायंस क्लब मंदसौर गोल्ड के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सुरेश सोमानी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

### राहगीर अभियान के तहत 4 किमी रास्ता अतिक्रमण मुक्त, कई गांवों में हुई कार्रवाई



**मंदसौर।** गरोठ एसडीएम राहुल चौहान ने बताया कि शासकीय रास्तों से अतिक्रमण हटाने के लिए चलाए जा रहे 卐राहगीर अभियान卐 के अंतर्गत ग्राम छायन, किलगारी, लोटखेड़ी, देथली बुजुर्ग, सादलपुर एवं संधारा में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार की उपस्थिति में हल्का पटवारियों द्वारा जनसहयोग से किसानों की मौजूदगी में रास्तों से अतिक्रमण हटाया गया। एसडीएम श्री चौहान ने बताया कि ग्राम संधारा से लेदी तक जाने वाला मार्ग लंबे समय से बंद था। तहसीलदार द्वारा मौके का निरीक्षण करने के बाद राजस्व दल एवं हल्का पटवारी की सहायता से लगभग 4 किलोमीटर रास्ते को अतिक्रमण मुक्त करवाकर पुनः चालू कराया गया। राहगीर अभियान के तहत शासकीय रास्तों को अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष प्रताप करोसिया को तीन सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा

**मन्दसौर।** मध्य प्रदेश राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष प्रताप करोसिया के मंदसौर प्रवास के दौरान वाल्मीकि समाज मार्शल कौम की जिला कार्यवाह अध्यक्ष हेमा कंडारे के नेतृत्व में उनका आत्मीय और भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर समाज के प्रतिनिधियों ने अपनी विभिन्न लंबित समस्याओं और मांगों को लेकर एक ज्ञापन आयोग के अध्यक्ष को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से समाज ने शासन का ध्यान इस ओर आकर्षित किया कि नगर पालिका मंदसौर में कार्यरत कई दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी पिछले 10 से 20 वर्षों से निरंतर अपनी सेवाएँ दे रहे हैं, जिन्हें अब तक नियमित नहीं किया गया है। वाल्मीकि समाज ने इन अनुभवी कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए उन्हें नियमित करने की पुरजोर मांग की है। ज्ञापन में शहर के ब?ते विस्तार और जनसंख्या का हवाला देते हुए बताया गया कि पिछले 19 वर्षों से नए सफाई कर्मियों की भर्ती नहीं होने के कारण कार्यक्षेत्र काफी ब? चुका है। समाज ने ब?ते हुए कार्यभार को देखते हुए कम से कम 100 महिलाओं और 100 पुरुष सफाई कर्मियों की नई भर्ती करने का आग्रह किया है। इसके अतिरिक्त, जिले की समस्त नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में कार्यरत कर्मचारियों और सफाई कर्मियों के आर्थिक हितों का ध्यान रखते हुए यह मांग भी की गई है कि उनके मासिक वेतन का भुगतान हर महीने की 1 से 10 तारीख के बीच सुनिश्चित किया जाए। प्रताप करोसिया ने समाज की मांगों को गंभीरता से सुना और नियमानुसार उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।



## द मेवाड़ की टीम ने जीता रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट

**मन्दसौर।** सीए शाखा मंदसौर द्वारा श्रीराम टर्फ, अभिनन्दन नगर में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का शुभारंभ दोपहर 12 बजे हुआ, जो रात्रि 10.30 बजे तक लगातार उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में सी.ए. शाखा मंदसौर की 5 टीमों के साथ रतलाम एवं चित्तौड़गढ़ की एक-एक टीम सहित कुल 7 टीमों ने भाग लिया।

पूरे टूर्नामेंट के दौरान सभी टीमों के बीच रोमांचक एवं दिलचस्प मुकाबले देखने को मिले। फाइनल मैच मंदसौर की टीम रॉयल चैलेंजर्स एवं चित्तौड़गढ़ की टीम द मेवाड़ के मध्य खेला गया, जिसमें द मेवाड़ टीम विजेता रही तथा रॉयल चैलेंजर्स टीम उपविजेता रही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ज्वाइंट कमिश्नर सागर श्रीवास्तव (बेनामी एवं प्रोहिबिशन) भोपाल थे। उनके द्वारा फाइनल मैच का टॉस किया गया एवं सभी मैचों के मैन ऑफ द मैच खिला?ियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का स्वागत भाषण शाखा अध्यक्ष सी.ए. विनय अग्रवाल द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का संचालन सी.ए. नितेश भदादा ने किया तथा आभार प्रदर्शन सी.ए. अर्पित मेहता द्वारा व्यक्त किया गया।

कार्यक्रम में सी.ए. सुबोध सिंहल, सी.ए. अंकित श्रीमाल, सी.ए. आशीष जैन, सी.ए. योगेंद्र जैन, सी.ए. भानुप्रताप नीमे, सी.ए. आशय जैन एवं सी.ए. शुभम गुप्ता का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में सी.ए. राजेश मंडवारिया, सी.ए. दिनेश जैन, सी.ए. विकास भंडारी, सी.ए. रितेश पारीख, सी.ए. अंकित नागर सहित अन्य सभी सी.ए. सदस्य उपस्थित रहे।

## करंट लगने से किशोर की मौत मामले में पूर्व सरपंच गिरफ्तार, आज होगा कोर्ट में पेश

▸ **खेत में बिछाए गए बिजली तार की चपेट में आने से गई थी 14 वर्षीय छात्र की जान**

**पिपलिया मण्डी।** थाना क्षेत्र के ग्राम नालीखेड़ा में खेत पर लगाए गए बिजली प्रवाहित तार की चपेट में आने से 14 वर्षीय किशोर की दर्दनाक मौत के मामले में पुलिस ने गांव के पूर्व सरपंच एवं खेत मालिक लक्ष्मीनारायण पुत्र प्यारचंद पाटीदार के खिलाफ धारा 105 के तहत प्रकरण दर्ज कर गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

ग्राम नालीखेड़ा निवासी तेजपालसिंह उर्फ रणजीत पिता जीवनसिंह राजपूत उम्र 14 वर्ष की 11 मई को सुबह करीब 10.30 बजे करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई थी। बताया जा रहा है कि तेजपाल गांव के समीप स्थित खेत पर खरबूजा खाने के लिए गया था। जिस खेत पर यह हादसा हुआ वह गांव के पूर्व सरपंच लक्ष्मीनारायण पाटीदार का था। खेत की सुरक्षा और फसल बचाने के उद्देश्य से खेत की तारबंदी में बिजली प्रवाहित कर रखी गई थी। इसी दौरान मासूम बालक अनजाने में बिजली वाले तार की चपेट में आ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार करंट इतना तेज था कि बालक गंभीर रूप से झुलस गया और उसने मौके पर ही दम तो? दिया था। पुलिस की प्रारंभिक जांच में खेत पर अवैध रूप से बिजली प्रवाहित तार लगाए जाने की बात सामने आई। इसके बाद पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू की।

टीआई विक्रमसिंह इवने ने बताया जांच के दौरान साक्ष्य एवं परिस्थितियों के आधार पर पुलिस ने खेत मालिक एवं पूर्व सरपंच लक्ष्मीनारायण पाटीदार के खिलाफ मामला दर्ज किया। टीआई इवने ने बताया कि खेत में सुरक्षा के नाम पर करंट प्रवाहित तार लगाना गंभीर लापरवाही है, जिसके कारण एक मासूम की जान चली गई। जांच पूरी होने के बाद गुरुवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जिसे शुक्रवार को कोर्ट में पेश करेंगे।



## गर्मी में राहत देने के लिए इनरव्हील क्लब ने मजदूर वर्ग के बच्चों को स्लीपर चप्पलें बांटी

**मंदसौर।** इनरव्हील क्लब मंदसौर के तत्वावधान में समाजसेवी दानदाता अल्पना सिंह राठौर द्वारा मजदूर वर्ग के जरूरतमंद बच्चों को भीषण गर्मी से राहत प्रदान करने हेतु स्लीपर वितरित किए गए।

क्लब अध्यक्ष हेमा हिंगड ने बताया कि अमृत योजना 2.0 के अंतर्गत मंदसौर मे कार्यरत मजदूर वर्ग (अलावदा खे?ी) के बीच पहुंचकर लगभग 50 छोटे-छोटे बालक-बालिकाओं को चप्पल का वितरण किया, गर्मी बहुत होने के कारण इस सेवा कार्य के माध्यम से बच्चों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। कार्यक्रम में वार्ड की पार्षद भारती पाटीदार भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज के जरूरतमंद बच्चों की सहायता करना मानवता की सच्ची सेवा है। क्लब सदस्यों ने बताया कि इनर व्हील क्लब समय-समय पर सामाजिक सरोकारों से जु? सेवा कार्य करता रहता है और आगे भी जरूरतमंदों के लिए ऐसे प्रयास जारी रहेंगे। इस अवसर पर दानदाता श्रीमती अल्पना सिंह राठौ? एवं पूर्व अध्यक्ष निर्मला मेहता का स्वागत कोषाध्यक्ष सुनीता पहा?िया, एडिटर किरण भामावत, आईएसओ मेजर उषा कुमावत ने किया।

**एक नजर** | **3 सिल्वर और 7 ब्रॉन्ज; सभी का किया गया सम्मान**

## मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में मंदसौर के 16 खिलाड़ियों ने जीते 6 गोल्ड

**मंदसौर। जिला पेंचक सिलाट मार्शल आर्ट एसोसिएशन मंदसौर के 16 खिला?ियों ने राजग? के ब्यावर में संपन्न हुई तीन दिवसीय 12वीं राज्य स्तरीय पेंचक सिलाट प्रतियोगिता में भाग लेकर 16 मेडल अर्जित किए, जिनमें 6 गोल्ड, 3 सिल्वर और 7 ब्रॉन्ज मेडल जीते।**

जिला पेंचक सिलाट एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय कोठारी ने बताया कि गोल्ड मेडल कृष्ण वर्मा, प्रशस्ति सिंह, अंजलि कुमावत, नमन कुमावत, निश्चय सोलंकी, शताक्षी ग्वाला ने प्राप्त किया वहीं सिल्वर मेडल नैतिक गुर्जर, विनय गंधर्व, इनाया खान जीता तथा ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त करने वाले दीपेश गहलोत, आदित्य चौहान, साहिल बोरीवाल, पीयूष मिमरोट, हितेश जाजावरा, संदीप आर्य, मुनमुन चंद्रावत रहे।



संस्था सचिव गगन कुरील ने बताया कि यह खेल गवर्नमेंट मिनिस्ट्री एवं खेल और युवा कल्याण विभाग से मान्यता प्राप्त खेल है। इसमें राज्य स्तरीय विजयी खिला?ियों को स्कॉलरशिप का प्रावधान रहता है। जिला पेंचक सिलाट एसोसिएशन मंदसौर के खिला?ियों को पिछले साल लाखों रुपए की स्कॉलरशिप मध्य प्रदेश शासन से प्रदान की गई है एवं स्पोर्ट्स कोटा से सरकारी नौकरी भी लगती है।

सभी खिला?ियों का महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय में अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया। संस्था संरक्षक अनिल कियावत, सिटी कोतवाली थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह राठौ?, महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय के प्रिंसिपल के. सी. सोलंकी, पूज्य सिंधी जनरल पंचायत के मीडिया प्रभारी कैलाश मनवाणी, एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय कोठारी, जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देव?ा, पीजी कॉलेज के खेल अधिकारी राजू कुमार, सुरेश बोराना, मध्य प्रदेश पेंचक सिलाट के अध्यक्ष अबरार अहमद, सचिव अभय श्रीवास, महेंद्र शुक्ला, सैयद आफताब आलम, असलम खान, सुनील हीवे ग्वाला, अशोक गहलोत, दिनेश चंदवानी, दुर्गेश बेलानी, कमलेश डोसी, धर्मेंद्र सिंह रानेरा, यशवंत सिंह राठौ?, हितेश सालवी, शाहिद हुसैन और दीनदयाल भावसार ने सभी खिला?ियों को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित कीं एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

# नीमच

## एक नजर में

### मिशन वात्सल्य तहत जिला स्तरीय कार्यशाला सम्पन्न

**नीमच।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नीमच श्री अमन वैष्णव के मार्गदर्शन में जिले में संचालित मिशन वात्सल्य के तहत गुरूवार को आयुष भवन नीमच में जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी म.बा.वि.नीमच सुश्री अंकिता पंड्या ने कार्यशाला में वलनरेबिलिटी मैपिंग तहत चिन्हांकन कर, गूगल फॉर्म पंजीयन, बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति, बाल सगाई, बाल विवाह व संस्थागत सेवाओं संबंधित विस्तृत चर्चा कर, आगामी रणनीति पर ध्यान देने हेतु निर्देशित किया। जिला स्तरीय कार्यशाला में सहायक संचालक श्री वैभव बैरागी, परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक व सभी ब्लॉक समन्वयक उपस्थित थे।

### गोमाबाई नेत्रालय में कालापानी-मोतियाबिंद से पीड़ित महिला की आंख का सफल ऑपरेशन



**नीमच।** राजस्थान के झालावाड़ जिले के ग्राम पचपहाड़ निवासी 56 वर्षीय नानी बाई पति जगदीश गुर्जर लंबे समय से ग्लूकोमा (कालापानी) एवं मोतियाबिंद जैसी गंभीर नेत्र समस्याओं से पीड़ित थीं। बीमारी के कारण उनकी आंख की रोशनी लगातार प्रभावित हो रही थी तथा असहनीय दर्द के चलते उन्हें दैनिक कार्य करने में भी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था। कई स्थानों पर उपचार कराने के बाद भी संतोषजनक लाभ नहीं मिलने पर वे उपचार हेतु गोमाबाई नेत्रालय पहुँचीं। यहां नेत्र विशेषज्ञों द्वारा उनकी आंखों की विस्तृत जांच की गई। परीक्षण में पता चला कि प्रभावित आंख में ग्लूकोमा और मोतियाबिंद दोनों गंभीर अवस्था में पहुंच चुके थे, जिससे आंख पर अत्यधिक दबाव बन रहा था और दृष्टि लगभग बाधित हो चुकी थी। नेत्र विशेषज्ञों ने पहले विशेष उपचार द्वारा आंख के बढ़े हुए दबाव को नियंत्रित एवं सामान्य किया। इसके बाद चिकित्सकों की टीम ने अत्यंत जटिल ग्लूकोमा-मोतियाबिंद सर्जरी को सफलतापूर्वक सम्पन्न किया। ऑपरेशन के बाद लगातार चिकित्सकीय देखरेख एवं उचित उपचार से अब नानी बाई की आंख पूरी तरह सुरक्षित है। आंख का दबाव सामान्य बना हुआ है तथा उन्हें पहले की तुलना में स्पष्ट दिखाई देने लगा है। साथ ही लंबे समय से हो रहे दर्द से भी उन्हें राहत मिली है। रोगी एवं उनके परिजनों ने सफल उपचार के लिए गोमाबाई नेत्रालय के चिकित्सकों एवं समस्त स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए नेत्रालय की उपचार व्यवस्था की सराहना की है।

### दि आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल, खोर में कक्षा 12वीं सी.बी.एस.ई. का शानदार परीक्षा-परिणाम

**खोर।** घोषित कक्षा बारहवीं सी.बी.एस.ई., सत्र 2025-26 का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विज्ञान संकाय में 16 छात्र तथा वाणिज्य संकाय में 21 छात्र सम्मिलित हुए। जिनमें विज्ञान संकाय में सृष्टि मलिक ने 92.60 प्रतिशत तथा वाणिज्य संकाय में अदिति पुनिया ने 95.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किए। 90 प्रतिशत एवं उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों में विज्ञान संकाय में सृष्टि मलिक ने 92.60 प्रतिशत तथा वाणिज्य संकाय में अदिति पुनिया ने 95.40, तोषिता गोयल ने 94.00, दर्शिल पाटीदार ने 93.00, वंशिका रानावत 92.00 और शैफाली राव ने 90.80 प्रतिशत अंक प्राप्त करके अपने विद्यालय एवं परिवार को शानदार सफलता से गौरवान्वित किया है। अंग्रेजी में अदिति पुनिया ने उच्चतम 98 अंक, गणित में वंशिका रानावत ने उच्चतम 90 अंक, भौतिक विज्ञान में सृष्टि मलिक, सुहानी काबरा एवं नरेंद्र सोनी ने उच्चतम 79 अंक, रसायन विज्ञान में सुहानी काबरा एवं देवांश गुर्जर ने उच्चतम 92 अंक, जीव विज्ञान में शौर्य मोहनपुरिया ने उच्चतम 95 अंक, आई.पी.(कंप्यूटर) में योगिता जायसवाल ने उच्चतम 97 अंक, फिजिकल एज्यूकेशन में तनिशा बेनिवाल ने उच्चतम 96 अंक और ए.आई. में सृष्टि मलिक ने उच्चतम 100 अंक प्राप्त किए।

## माँ की हत्या करने वाले बेटे को आजीवन कारावास

**मनासा। श्री आशुतोष यादव, द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश, मनासा, जिला-नीमच द्वारा स्टील के कड़े उसकी माँ के सिर व कनपटी पर मारकर उनकी हत्या करने वाली आरोपी कैलाश पिता रामचंद्र सेन, उम्र-31 वर्ष, निवासी-ग्राम चपलाना, तहसील मनासा, जिला नीमच को धारा 302 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत आजीवन कारावास एवं 1000रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।**



अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी एडीपीओ रितेश कुमार सोमपुरा द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना लगभग 05 वर्ष पूर्व दिनांक 23.02.2021 की रात्रि के लगभग 11 बजे ग्राम चपलाना की हैं। उदयपुर के एम.बी.जी.एच. अस्पताल से आरक्षक गौतमलाल के द्वारा मृतिका सोहनबाई की पोस्टमार्टम रिपोर्ट, सफीना फॉर्म व लाश पंचायतनामा लाकर थाना मनासा में प्रस्तुत किया गया, जिस पर से मर्ग कायम कर जाँच की गई। जाँच में मृतिका के पति रामचंद्र, पुत्र शांतिलाल, दीपक, पुत्रवधु रीना, पुत्री मंजुबाई, अन्य स्वतत्रं साक्षी जगदीश, बंशीलाल, रंगुदास, सोहनलाल, मांगीबाई, दयालदास, कंवरलाल, घीसालाल, चेतनदास, के कथन लिये गये, जिसमें पाया गया कि मृतिका के 03 लड़के होकर लड़का आरोपी कैलाश बदमाश प्रवृत्ति का हैं। वह शराब पीकर परिवार वालो व गांव वालो से झगड़ा करता रहता है। आरोपी कैलाश द्वारा पत्नि के साथ मारपीट करने के कारण पत्नी भी 04 साल से अपने मायके में रह रही है। भाई शांतिलाल से भी आरोपी बार बार झगड़ा करता था, जिसके भय व आतंक से प्रताड़ित होकर गांव चपलाना से अपना घर छोड़कर 2021 में परिवार सहित ससुराल गांव केलुखेड़ा में चला गया। मृतिका का छोटा लड़का दीपक एवं पति रामचंद्र दोनो भी पहले से ही आरोपी के भय, डर व आतंक के कारण गांव चपलाना से ग्राम केलुखेडा में जाकर रहने लगे हैं तथा ग्राम चपलाना में केवल मृतिका सोहनबाई अपने पुत्र आरोपी कैलाश के साथ ही रहती थी। घटना दिनांक को आरोपी द्वारा उसकी माता के साथ स्टील के कड़े से मारपीट की थी, जिससे उसके सिर व कनपटी पर गंभीर चोटे आई थी। घटना की सूचना आरोपी द्वारा ही उसके पिता, भाई व बहन को दी गई। जिसके पष्चात् 100 नंबर गाड़ी बुलाकर मृतिका को सरकारी अस्पताल मनासा ले जाया गया तथा वहां से फिर उदयपुर रैफर किया गया, जहाँ इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मर्ग जाँच उपरांत अपराध पंजीबद्ध किया गया तथा अपराध की विवचेना निरीक्षक के. एल. दांगी के द्वारा की गई। विवचेना में पाया गया कि आरोपी आए दिन चोरी करने, लोगो के साथ झगडा व मारपीट करने का आदी था, जिससे तंग आकर मृतिका के समस्त परिवारजन ग्राम चपलाना छोडकर अन्यत्र निवास करने चले गए थे। आरोपी आये दिन उसकी माता के साथ भी मारपीट करता था। विवेचना के दौरान आरोपी को गिरफ्तार किया गया एवं अन्य आवष्यक वैज्ञानिक व तकनीकी साक्ष्य को एकत्र किया गया तथा जिस स्टील के कड़े से उसकी माता की हत्या की गई थी उसको भी जप्त किया जाकर आवष्यक अनुसंधान उपरांत अभियोग-पत्र मनासा न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

विचारण के दौरान अपर लोक अभियोजक गुलाबसिंह चंद्रावत द्वारा सभी महत्वपूर्ण गवाहों के बयान कराये गये व विवेचक के माध्यम से सभी महत्वपूर्ण वैज्ञानिक साक्ष्य को प्रस्तुत कर परिस्थितिजन्य साक्ष्य के आधार पर आरोपी विरूद्ध अपराध को संदेह से परे प्रमाणित कराते हुवे उसको कठोर दण्ड से दण्डित किये जाने का निवेदन किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा अपराध की गंभीरता को देखते हुवे आरोपी को उपरोक्त दण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक गुलाबसिंह चंद्रावत द्वारा की गई।

## एनडीपीएस और दुष्कर्म मामले के फरार आरोपी गिरफ्तार



**नीमच। जिले की रतनगढ़ थाना पुलिस को दो अलग-अलग गंभीर मामलों में बड़ी सफलता मिली है। एनडीपीएस एक्ट और दुष्कर्म के प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। यह कार्रवाई थाना प्रभारी भरतलाल भावर और उनकी टीम द्वारा की गई।**

थाना रतनगढ़ में दर्ज दुष्कर्म प्रकरण में फरार आरोपी रवि पिता जीवन उर्फ़ जीवराज चंदेल बंजारा निवासी राजनगर मोरवन थाना जावद को पुलिस ने मुखबिर सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था, जिसकी लगातार तलाश की जा रही थी।

वहीं दूसरे मामले में पुलिस ने 141 किलो 300 ग्राम अवैध डोडाचूरा बरामदगी प्रकरण में फरार आरोपी प्रहलाद धाकड़ निवासी मुवादा को गिरफ्तार किया। इस मामले में पूर्व में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ जब्त किया गया था। पूछताछ में सामने आए तथ्यों के आधार पर पुलिस ने फरार आरोपी को भी दबोच लिया। रतनगढ़ पुलिस की लगातार सख्त कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों में हड़कंप का माहौल है। दोनों मामलों में पुलिस द्वारा आगे की जांच जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी भूरालाल भाबर सहित रतनगढ़ पुलिस टीम एवं साइबर सेल नीमच के प्रधान आरक्षक प्रदीप शिंदे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**एक नजर** | **कृषि उपज मंडी समिति, नीमच द्वारा वर्ष 2025-26 में किए गए उल्लेखनीय कार्य**

## देश एवं प्रदेश की अनोखी औषधीय मण्डी के रूप में सुप्रसिद्ध है नीमच मण्डी

**नीमच। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा जिला नीमच के निर्देशन में कृषि उपज मंडी समिति, नीमच द्वारा कृषकों की उपज की नियत समय पर नीलामी, शीघ्र तौल एवं भुगतान व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए वर्ष 2025-26 में बहुआयामी एवं उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं।**



प्रमुख उपलब्धियां: राजस्व एवं आवक में अभूतपूर्व वृद्धि:वर्ष 2024-25 की तुलना में 2025-26 में आवक 64,16,201 क्विंटल से बढ़कर 72,40,492 क्विंटल हुई, जो 13 प्रतिशत की वृद्धि है। मंडी शुल्क 33.02 करोड़ से बढ़कर 34.58 करोड़ हुआ, जिसमें 1.56 करोड़ (+5 प्रतिशत) की वृद्धि दर्ज की गई। ई-अनुज्ञा पोर्टल पर विलंब शुल्क एवं ब्याज के रूप में 1.73 लाख की अतिरिक्त वसूली की गई है।

**पारदर्शी नीलामी से रिकॉर्ड राजस्व:** नवीन मंडी प्रांगण डुंगलावदा में 248 भू-खण्डों की पारदर्शी नीलामी से अपसेट वैल्यू 5.02 करोड़ के विरुद्ध 55.81 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ। उड़नदस्ता कार्रवाई से 36 प्रकरणों में 3.68 लाख वसूले गए है।

**अधोसंरचना एवं तकनीकी उन्नयन:**- नवीन मंडी प्रांगण को हाई टेक मंडी के रूप में विकसित किया जा रहा है। किसानों हेतु आर.ओ. संयंत्र स्थापित किए गए हैं।

मुख्य मंडी, नवीन मंडी एवं उप मंडी जीरन को सी.सी.टी.वी. सर्विलांस युक्त किया गया तथा फायर फाइटर लगाए गए। दो बड़े इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटों से सीधे गोदाम डिलीवरी की व्यवस्था प्रारंभ की गई। बिजनेस एग्रो मॉल का प्रस्ताव स्वीकृति हेतु वरिष्ठालय प्रेषित किया गया। नवीन मंडी डुंगलावदा-चंगेरा एवं उपमंडी जीरन हेतु शासकीय भूमि आवंटन की कार्यवाही प्रचलित है।

ई-मंडी एवं औषधि उपजों का सशक्तिकरण: गेहूं, जौ, मक्का, सोयाबीन, लहसुन, धनिया, रायड़ा सहित प्रमुख उपजों का ई-मंडी से घोष विक्रय प्रारंभ किया गया। अन्य उपजों को भी शीघ्र जोड़ना प्रस्तावित है।

नीमच मंडी औषधि एवं मसाला फसलों का प्रमुख केंद्र है। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के प्रयासों से चिया सीड, किनोवा सहित कुल 26 औषधि/वन उपजों को ई-अनुज्ञा पोर्टल पर अधिसूचित करवाया, जिससे किसानों-व्यापारियों को विक्रय में सुविधा हुई।